Adda247 GET IT ON Google Play

# Bihar B.ed Previous Year Paper

## [Part - 1] GENERAL ENGLISH

**Directions (1-10):** Read the following passage carefully and choose the best answer out of the four choices given after each question that follows:

Donny was a good bowler, and a good man. He was one of us. He was a man who loved the outdoors . . . . . . . and bowling . . . . . . . , and as a surfer he explored the beaches of Southern California, from La Jolla to Leo Carrillo and . . . up to . . . Pismo. He died, like so many young men of his generation, he died before his time. In your wisdom. Lord, you took him, as you took so many bright flowering young men at KheSanh, at Langdok, at Hill 364. These young men gave their lives. And so would Donny. Donny, who loved bowling. And so, Theodore Donald Karabotsos, in accordance with what we think your dying wishes might we have been, we commit your final mortal remains to the bosom of the Pacific Ocean, which you loved so well. Good night, sweet prince.

**1.** In ". . . . . . . . . as you took so many bright, flowering young men . . . . ." **bright** most, nearly mean -
(a) Light (b) Intelligent
(c) Vivid (d) Dazzling

**2.** In this passage, the speaker's attitude towards Donny is primarily one of
(a) Mournful eulogy (b) Unbiased detachment
(c) Clear hostility (d) Elated nostalgia

**3.** The speaker's attitude toward bowling can best be described as -
(a) Indifference (b) Respect
(c) Disregard (d) Contempt

**4.** In context, the tone of "In your wisdom, Lord, you took him, as you took so many bright, flowering youngmen at KheSanh, at Langdok, at Hill 364," is best described as -
(a) Impatient (b) Baffled
(c) Resigned (d) Ambivalent

**5.** The speaker's tone in the last two sentences is best described as -
(a) Irritated (b) Confused
(c) Curious (d) Solemn

**6.** In "He was man who loved the outdoors . . . . . . and bowling . . . . . . . . . . ." bowling is -
(a) A verb (b) A noun
(c) An adjective (d) An adverb

**7.** In "to the bosom of the Pacific ocean," Bosom most nearly means -
(a) Chest (b) Column
(c) Comfort (d) Trunk

**8.** The reference to "KheSanh. at Langdok. at Hill 364" suggests -
(a) Donny will be buried at Hill 364
(b) Donny died in combat
(c) The speaker misses these places
(d) The speaker also lost friends at these places

**9.** Lord refers to -
(a) The king of Hill 364
(b) The Governor of California
(c) The God
(d) The President of U.S.A.

**10.** "Donny was a good bowler, and a good man" is a -
(a) Simple sentence.
(b) Complex sentence
(c) Compound sentence
(d) Complex - Compound sentence

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**
Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

DOWNLOAD THE APP

**Directions (11-15):** Read the following passage carefully and choose the best answer out of the four choices given after each question that follows:

Among the most important themes in the Disney movie **The Little Mermaid** are those of questioning conventional thinking, and pursuing a dream. Not only is Ariel, the little mermaid. demonstrating original thought (something that many seem to think she is lacking). but also she is rebelling against her speciesism father. When Ariel expresses her love for the human prince. King Trident is furious. When Ariel points out angrily that he does not understand her, or even know the man whom she loves. Trident retorts. "Know him ? I don't need to know him! He's a human!" In a very real way Disney is encouraging children to question preconceived ideas that we may have against a certain group.

Disney also teaches children to pursue what they love. We see that Ariel's love for Prince Eric is more important than all else. In turning to the sea Witch. Ursula, for help. Ariel makes a mistake. but no true hero or heroine is flawless. Ariel puts herself, her family, and all merfolk in danger, but we see that with the help of her prince, she is able to put everything right.

At the end of the film, when Ursula has forced King Trident to sacrifice his kingdom for his daughter's soul, the Sea Witch rises out of the water, gigantic and terrifying. wearing the king's crown and holding his magic trident. She laughs evilly and declares that she is the ruler of all mermen and women. "So much for true love!" she screams victoriously : Eric. however, succeeds in piloting the prow of his ship straight through her belly : vanquishing her. The moral here is that while we all make mistakes. what is truly important is how we right the wrongs we may do to others.

**11.** Ursula's quote "So much for true love" primarily suggests that -
(a) The marriage was unacceptable to her
(b) She is mocking true love
(c) She is speciesism.
(d) Trident was her true love

**12.** The author's main point in the passage is that -
(a) Ariel should not have been allowed to marry Prince Eric
(b) Only Prince Eric truly understood Ariel
(c) Ariel demonstrated original thought
(d) The Little Mermaid teaches children to follow their hearts

**13.** Why does the author use parentheses around the comment (Something that many seem to think she is lacking) -
(a) To indicate a side comment to the reader
(b) To indicate that it is unimportant
(c) To indicate a humorous tone
(d) To indicate a shift in meaning

**14.** Ariel's father is called a 'speciesist' because he -
(a) Does not know Eric
(b) Oppose Ariel's love based only on Eric being human
(c) Does not understand Ariel
(d) Is furious

**15.** Which of the following would best illustrate the assertion made in lines "Disney is encouraging children to question preconceived ideas that we may have against a certain group" ?
(a) A movie about the development of the iPod
(b) A movie that details the horrors of war
(c) A movie about a girl who overcomes her fear snakes
(d) A movie that documents the travels of a rock band

## [Part - 2] General Hindi (सामान्य हिन्दी)

**16.** 'देशभक्त' किस तत्पुरूष का उदाहरण है ?
(a) सम्बन्ध तत्पुरूष (b) करण तत्पुरूष
(c) कर्म तत्पुरूष (d) सम्प्रदान तत्पुरूष

**17.** 'पवन' में कौन - सी संधि है ?
(a) दीर्घ स्वर संधि (b) गुण स्वर संधि
(c) यण् स्वर संधि (d) अयादि संधि

**18.** आच्छादन का संधि - विच्छेद है : -
(a) आ + छादन (b) आछ + आदन
(c) आच्छ + आदन (d) अच्छा + आदन

**19.** सरः + ज का संधि - रूप है : -
(a) सरज (b) सरोज
(c) सरोद (d) सरस

**20.** नमस्ते का संधि - विच्छेद है : -
(a) नम् + अस्ते (b) नमः + ते
(c) नम + स्ते (d) नमस् + तं

**21.** वह कौन - सा समास है जिसका पहला पर संख्यावाची है ?
(a) तत्पुरूष (b) अव्ययीभाव
(c) द्विगु (d) बहुव्रीहि

**22.** वह कौन - सा समास है जिसका पूर्व पद विशेषण होता है ?
(a) द्विगु (b) कर्मधारय
(c) द्वन्द (d) तत्पुरूष

**23.** कौन - सा शब्द द्विगु समाज का उदाहरण है ?
(a) यथाशक्ति (b) भूदान
(c) पुरुषोत्तम (d) सप्ताह

**24.** निम्नलिखित विकल्पों में से "कानन" के पर्यायवाची शब्द का चयन कीजिए : -
(a) पुष्प (b) वन
(c) मधुकर (d) भृत्य

Adda247
GET IT ON Google Play

**25.** किसी शब्द के पूर्वभाग में जुड़कर जो नया शब्द बनता है, उसे क्या कहते हैं ?
(a) प्रत्यय (b) विशेषण
(c) सर्वनाम (d) उपसर्ग

**26.** 'सफाई' में कौन - सा प्रत्यय है ?
(a) आई (b) अई
(c) फाई (d) ई

**27.** शृंगार रस का स्थायी भाव है -
(a) जुगुप्सा (b) उत्साह
(c) हास (d) रति

**28.** 'चौपाई' के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?
(a) 16 (b) 9
(c) 12 (d) 13

**29.** 'अम्बर - पनघट में डुबो रही तारा - घट ऊषा - नागरी' में कौन - सा अलंकार है ?
(a) रूपक (b) उत्प्रेक्षा
(c) उपमा (d) अन्योक्ति

**30.** निम्नलिखित लोकोक्ति के सही अर्थ का चयन कीजिए : "काठ की हाँडी बार - बार नहीं चढ़ती"
(a) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते
(b) लकड़ी का बर्तन आग से जल सकता है
(c) छल - कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता
(d) दुर्भाग्य की मार बार - बार नहीं पड़ती

## [Part – 3] Reasoning (तार्किक एवं विश्लेषणात्मक तर्कशक्ति)


**निर्देश (31-34):** छः लोग A, B, C, D, E एवं F ने वाद - विवाद में भाग लिया। छः : में से दो महिलाएं थीं। E एवं उनकी अविवाहित बहिन इस वर्ष के वाद - विवाद में नए सदस्य थी, D के पति जो पिछले वर्ष के विजेता थे एवं इस वर्ष के वाद - विवाद में भाग ले रहे थे; A एवं C पिछले वर्ष के उपविजेता थे, इस वर्ष के विजेता न तो पिछले वर्ष के विजेता हैं, और न ही नए सदस्य हैं, अपरिहार्य कारण से B ने बीच में ही वाद - विवाद छोड़ दिया है, वाद - विवाद के अंत में C को A से अधिक लेकिन E एवं F से कम अंक मिले।
**उपर्युक्त सूचना के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दें :**

**31.** इस वर्ष के वादविवाद का विजेता कौन है ?
(a) B (b) C
(c) D (d) A

**32.** D का पति कौन है ?
(a) A (b) B
(c) E (d) C

**33.** पिछले वर्ष का विजेता कौन था ?
(a) A (b) B
(c) D (d) E

**34.** Eकी बहिन कौन है ?
(a) C (b) D
(c) F (d) A

**35.** लुप्त संख्या को खोजें।


(a) 48 (b) 38
(c) 52 (d) 54

**निर्देश (36-39):** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों में एक अपूर्ण संख्या को श्रृंखला दी गयी है। रिक्त संख्या की पहचान करें।

**36.** 29, 54, 103, 200, 393, ?
(a) 586 (b) 490
(c) 678 (d) 778

**37.** 1, 8, 27, 64, ?, 216
(a) 85 (b) 125
(c) 155 (d) 205

**38.** 2, 11, 38, 119, ?
(a) 357 (b) 380
(c) 362 (d) 418

**39.** 4, 15, 37, 70, ?, 169
(a) 103 (b) 106
(c) 117 (d) 114

**40.** अगर GIRL का कोड HHJJQQNN है, तब FOND का कोड क्या होगा ?
(a) GGPPMMEE (b) GGPPMMFF
(c) GGNNMMFF (d) GGPPNNFF

**41.** निम्नलिखित में से कौन - सा जोड़ा दूसरों से अलग है ?
(a) दूध - मक्खन (b) दवात - स्याही
(c) गन्ना - चीनी (d) नारियल - तेल

**42.** FAMILY का कोड 316459 है एवं SISTER का कोड 747820. तब MYSTERY का कोड क्या होगा ?
(a) 6987209 (b) 6789209
(c) 6978209 (d) 6972809

Adda247
GET IT ON Google Play

**निर्देश (43-45):** निम्नलिखित पैराग्राफ को पढ़ें और प्रश्नों का जवाब दें।

A एवं B फुटबॉल एवं हॉकी खेलते हैं। C एवं E टेनिस एवं क्रिकेट खेलते हैं। A एवं D टेनिस एवं वॉलीबॉल खेलते हैं। B एवं E क्रिकेट खेलते हैं। C एवं E वॉलीबॉल खेलते हैं। C एवं D हॉकी खेलते हैं। D एवं E फुटबॉल एवं क्रिकेट खेलते हैं।

**43.** कौन केवल टेनिस, क्रिकेट, वॉलीबॉल एवं हॉकी खेलता है ?
(a) A (b) B
(c) C (d) D

**44.** कौन क्रिकेट नहीं खेलता है ?
(a) A (b) B
(c) C (d) E

**45.** कौन फुटबॉल, हॉकी एवं टेनिस खेलता है ?
(a) D (b) C
(c) B (d) E

**निर्देश (46-48):** A, B, C, D एवं E प्रत्येक के पास सात बॉल है। B दो बॉल E को देता है जो एक बॉल A को दे देता है। C तीन बॉल D को देता है, जो दो बॉल A को देता है। E तीन बॉल B को देता है, जो दो बॉल C को दे देता है। B पांच बॉल D को देता है।

**46.** सबसे अधिक बॉल अब किसके पास है ?
(a) A (b) D
(c) C (d) E

**47.** A के पास कितनी बॉल है ?
(a) 5 (b) 6
(c) 10 (d) 13

**48.** C के पास कितनी बॉल है ?
(a) 6 (b) 5
(c) 1 (d) 10

**निर्देश (49-52):** एक परिवार में छ : सदस्य; M, N, O, P, Q एवं R हैं। O, R की बहिन है N, R की माँ का बहनोई है। P, M के पिता हैं। R, P का पोता है। परिवार में दो महिलाएं हैं।


**49.** M एवं Q की बेटी कौन है ?
(a) P (b) R
(c) N (d) O

**50.** R की माँ कौन हैं ?
(a) N (b) O
(c) Q (d) P

**51.** परिवार में कितनी पीढियों के सदस्य हैं ?
(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) दो या तीन

**52.** परिवार में दो महिला सदस्य . . . . . . . . . . . हैं।
(a) P, Q (b) N, Q
(c) R, O (d) O, Q

**53.** लुप्त संख्या को खोजें –




(a) 120 (b) 90
(c) 86 (d) 83

**निर्देश (54-55):** निम्नलिखित प्रश्नों में अंकों की एक श्रृंखला दी गयी है जिसमें एक संख्या अज्ञात है। दिये गये विकल्पों में से अज्ञात संख्या ज्ञात कीजिये।

**54.** 3, 16, 42, 81, 133, ?
(a) 166 (b) 185
(c) 198 (d) 208

**55.** 0, 7, 26, 63, ?, 215
(a) 104 (b) 124
(c) 126 (d) 134

## [Part - 4] General Knowledge (सामान्य जानकारी)

**56.** एक नॉटिकल मील कितने किलोमीटर के बराबर होता है ?
(a) 2.012 किलोमीटर (b) 1.852 किलोमीटर
(c) 1.551 किलोमीटर (d) 1.644 किलोमीटर

**57.** जहाँ तक सूर्य से दूरी का प्रश्न है, पृथ्वी किनके बीच में है ?
(a) बुद्ध एवं शुक्र (b) शुक्र एवं मंगल
(c) मंगल एवं वृहस्पति (d) मंगल एवं शनि

**58.** निम्नलिखित में से सबसे अधिक किसका एटोमिक नम्बर है ?
(a) हासियम (b) मीटनेरियम
(c) डर्मस्टैटियम (d) सिबोर्जियम

**59.** सामान्यतः स्थिति में पानी किस तापक्रम पर उबलता है ?
(a) 100°F (b) 200°F
(c) 212°F (d) 112°F

**60.** सामान्यतः मानव शरीर का तापक्रम कितना होता है ?
(a) 97°C (b) 37°C
(c) 57°C (d) 98°C

**61.** एक गैलन कितने लीटर के बराबर है ?
(a) 4.546 लीटर (b) 5.464 लीटर
(c) 3.645 लीटर (d) 3.5 लीटर

**62.** दो गैमीट के विलय से एक कोशिकीय संरचना का निर्माण होता है, उसे क्या कहते हैं ?
(a) ब्लासटुला (b) गैस्ट्रूला
(c) जाइगोट (d) फीटस

**63.** संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे ?
(a) अब्राहम लिंकन (b) जॉर्ज बुश
(c) जॉर्ज वाशिंगटन (d) थॉमस जेफर्सन

**64.** भारत की आजादी के समय इंग्लैंड के प्रधानमंत्री कौन थे ?
(a) विंस्टन चर्चिल (b) क्लीमेंट एटली
(c) टोनी ब्लेयर (d) मार्गरेट थैचर

**65.** भारत के संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?
(a) डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर
(b) डॉक्टर सच्चिदानंद सिन्हा
(c) डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद
(d) आचार्य जे. बी. कृपलानी

**66.** म्यांमार देश की राजधानी कहाँ है ?
(a) रंगून (b) यंगून
(c) नाएप्यीटॉ (Naypyitaw) (d) बर्मा

**67.** 'राजतरंगिणी' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
(a) एक कश्मीरी इतिहासकार (b) एक बंगाली इतिहासकार
(c) एक तमिल इतिहासकार (d) एक कन्नड़ इतिहासकार

**68.** विश्व आर्द्रभूमि दिवस किस दिन मनाते हैं ?
(a) 2 फरवरी (b) 2 मार्च
(c) 22 मार्च (d) 22 मई

**69.** भारत का राष्ट्रीय जलीय जंतु कौन है ?
(a) मगरमच्छ
(b) गंगेय डॉल्फिन
(c) घड़ियाल
(d) मुलायम कवच वाला कछुआ

**70.** विश्व पर्यावरण दिवस 2018 की विषय - वस्तु क्या थी ?
(a) जल प्रदूषण
(b) वायु प्रदूषण
(c) जंगलों की कटाई
(d) प्लास्टिक प्रदूषण को पराजित करो

**71.** जून 2018 में संयुक्त राष्ट्र के अगले अध्यक्ष के रूप में कौन चुने गए हैं ?
(a) होंडुरास के विदेश मंत्री (b) इक्वाडोर के विदेश मंत्री
(c) होंडुरास के प्रधानमंत्री (d) इक्वाडोर के प्रधानमंत्री की

**72.** भारत में किनके जन्मदिवस पर 'शिक्षा दिवस' मनाते हैं ?
(a) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(b) डॉक्टर जाकिर हुसैन
(c) डॉक्टर एस. राधाकृष्णन
(d) डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर

**73.** दुनिया का सबसे बड़ा दूरबीन किस देश में है ?
(a) भारत (b) चीन
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका (d) जापान

**74.** 2018 रैंकिंग के अनुसार कौन - सा देश सबसे ज्यादा असुरक्षित है ?
(a) सिंगापुर (b) वेनेजुएला
(c) अफगानिस्तान (d) पाकिस्तान

**75.** लोकसभा के अध्यक्ष को कौन चुनता है ?
(a) लोकसभा के सदस्यगण
(b) लोकसभा एवं राज्यसभा के सदस्यगण
(c) मंत्रिमंडल
(d) राज्य विधानसभा के सभी अध्यक्ष

**76.** मुक्त विश्वविद्यालय निम्न माध्यम से शिक्षा प्रदान करता है।
(a) दूरस्थ माध्यम से
(b) पत्राचार माध्यम से
(c) कक्षा में आमने - सामने पारंपरिक शिक्षा
(d) खुली पुस्तक के साथ परीक्षा लेकर

**77.** आचार्य चाणक्य एक गुरुकुल में शिक्षक थे जो . . . . . . . . . . . . . . . . . . में अवस्थित था।
(a) तक्षशिला (b) नालन्दा
(c) विक्रमशिला (d) वैशाली

**78.** तीन भाषा सूत्र में क्या अन्तर्निहित है ?
(a) विद्यालयों में तीन भाषा की पढ़ाई होनी चाहिए
(b) तीन भाषा में परीक्षा होनी चाहिए
(c) सीनियर स्टेज में तीन भाषा का अध्ययन अनिवार्य होना चाहिए
(d) विद्यालय में प्रत्येक विद्यार्थी को तीन भाषा सीखनी चाहिए

**79.** सफेद क्रांति से भारत किस मामले में स्वावलंबी हुआ है ?
(a) दूध उत्पादन (b) मछली उत्पादन
(c) अनाज का उत्पादन (d) हरे भरे जंगल

**80.** मोंटेशरी का नाम किससे जुड़ा हुआ है ?
(a) प्री - स्कूल शिक्षा (b) विशेष शिक्षा
(c) माध्यमिक शिक्षा (d) प्राथमिक शिक्षा

**81.** जिला स्तरीय शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की स्थापना किसमें सुधार के लिए की गयी हैं ?
(a) प्रारंभिक शिक्षा (b) माध्यमिक शिक्षा
(c) प्राथमिक शिक्षा (d) प्राक् - विद्यालय शिक्षा

**82.** वैज्ञानिक स्वभाव का क्या मतलब होता है ?
(a) तर्क के साथ निर्णय लेने का स्वभाव
(b) विज्ञान के अध्ययन में रुचि
(c) वैज्ञानिक प्रयोग करने की क्षमता
(d) वैज्ञानिक विषय पर बोलने की क्षमता

**83.** 'भारत की खोज' नामक पुस्तक के रचयिता . . . . . . . . . हैं।
(a) एम. एन. राय (b) महात्मा गांधी
(c) लाला लाजपत राय (d) जवाहरलाल नेहरू

**84.** 'शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009' किस उम्र के बच्चों को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है ?
(a) 3 - 11 वर्ष (b) 6 - 14 वर्ष
(c) 6 - 11 वर्ष (d) 3 - 14 वर्ष

**85.** मानव शरीर में क्रोमोजोम की संख्या होती है।
(a) 42 (b) 44
(c) 46 (d) 48

**86.** हमारे संविधान का कौन - सा भाग मुफ्त एवं अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है ?
(a) नागरिकों का मौलिक अधिकार
(b) राज्य नीति का निदेशक सिद्धान्त
(c) मानवाधिकार
(d) बाल अधिकार

**87.** संविधान के अनुच्छेद - 51 में .............. है।
(a) नागरिकों का मौलिक अधिकार
(b) नागरिकों का कर्तव्य
(c) बाल अधिकार
(d) मानवाधिकार

**88.** निम्नलिखित में से कौन - सा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार प्रतिष्ठित व्यक्तियों को दिया जाता है ?
(a) पद्मभूषण (b) परमवीर चक्र
(c) भारत रत्न (d) महावीर चक्र

**89.** विश्व बाल मजदूरी निषिद्ध दिवस .............. को मनाया जाता है।
(a) 12 जून (b) 22 जुलाई
(c) 12 मई (d) 12 अप्रैल

**90.** किसने कहा था कि "सिद्धांत (निदेशक सिद्धांत) भविष्य में विधि - निर्माण का आधार होना चाहिए।
(a) पंडित नेहरू (b) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(c) डॉ. बी. एन. राव (d) डॉ. जाकिर हुसैन

**91.** सर्वशिक्षा अभियान में .................. आयु के बच्चों - को शामिल किया जाता है।
(a) 0 - 14 वर्ष (b) 6 - 14 वर्ष
(c) 3 - 18 वर्ष (d) 6 - 18 वर्ष

**92.** गांधी जी का चम्पारण आन्दोलन .............. के लिए था।
(a) हरिजन के सुरक्षा का अधिकार
(b) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(c) हिन्दू समाज में एकता रखना
(d) नील्हे मजदूरों की समस्या - समाधान

**93.** ............... राज्य के साथ सबसे लम्बा समुद्र तट है।
(a) गुजरात (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) उड़ीसा (d) केरल

**94.** रक्त में अधिक मूत्रीय अम्ल .............. बीमारी का सूचक है।
(a) गठिया (b) सन्धिवात
(c) गाऊट (d) सन्धिवात हृदय

**95.** कोहरा के समय हमलोग ................ के कारण देख नहीं पाते हैं।
(a) परावर्तन (b) आंतरिक परावर्तन
(c) अपवर्तन (d) प्रकीर्ण प्रकाश

## [Part - 5] Teaching aptitude (शिक्षण अभिक्षमता)

**96.** सामाजिक विकास का एक अनिवार्य विषय है -
(a) सामाजिक व्यवस्था की अपेक्षाओं को पूरा करना
(b) सामाजिक सुरक्षा की प्राप्ति एवं स्वीकृति
(c) सामाजिक व्यवस्था एवं किसी के उद्देश्य की आंतरिक एकता
(d) सामाजिक कौशल का विकास

**97.** वर्ग कक्षा में अभिप्रेरण की चाभी .................. है।
(a) विषय - सामग्री में अन्तर्निहित लाभ
(b) शिक्षक का व्यक्तित्व
(c) वर्ग कक्षा में भावात्मक वातावरण
(d) अनुकूल पाठ्यचर्या का अनुभव

**98.** आधुनिक शिक्षकों के अनुसार अनुशासन .................. से संबंध रखता है।
(a) आचरण व्यवहार को प्रभावित करने वाले कानून काम
(b) रचनात्मक एवं सकारात्मक व्यवहार को बढ़ाने का एक तरीका
(c) वर्ग का नियंत्रण करने के लिए आज्ञाकारी परामर्श लागू करना
(d) छात्रों के दुर्व्यवहार को रोकना

**99.** शिक्षकों के किस गुण को छात्र सर्वाधिक पसंद करते हैं ?
(a) समय का पाबन्द होना (b) निष्पक्षता
(c) अनुशासनप्रियता (d) प्रभुता

**100.** निम्नलिखित में से कौन सीखने का परिणाम – उत्पाद नहीं है ?
(a) मनोवृत्ति (b) अवधारणा
(c) विकास (d) कौशल

**101.** पढाने में सर्वाधिक संतोष का विषय .................. हैं।
(a) समाज के प्रति संवा भाव
(b) बच्चों के विकास में योगदान की भावना
(c) बच्चों के साथ परस्पर प्रेम भाव
(d) एक शिक्षक के रूप में प्रतिष्ठा एवं क्षमता का भाव

Adda247

**102.** किस विधि से छात्र सबसे अधिक सीखते हैं ?
(a) देखकर (b) पढ़कर
(c) सुनकर (d) स्वयं करके

**103.** विद्यालय में सह - पाठ्यक्रम गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य . . . . . . . . . . . . है।
(a) छात्रों के व्यक्तित्व में सुसमायोजन का भाव प्राप्त करना
(b) कक्षा के दैनन्दिक क्रियाकलापों से मुक्ति
(c) पुनर्पाठ कार्य जगत से छात्रों को परिचित कराना
(d) विद्यार्थियों की स्थानापन्न संतोष संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करना

**104.** कक्षा शिक्षण में रुचि बरकरार रखने के लिए एक शिक्षक को क्या करना चाहिए ?
(a) श्यामपट्ट का सर्वाधिक उपयोग
(b) व्यावहारिक जीवन से अधिक से अधिक उदाहरण
(c) विभिन्न प्रकार की सहायक पठन सामग्री का व्यापक उपयोग
(d) विचार - विमर्श के लिए छात्रों को अधिक में से अधिक अवसर देना

**105.** दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा अनिवार्य है, क्योंकि -
(a) वे असुरक्षित हैं
(b) उनको शिक्षा की विशेष आवश्यकता है
(c) यह उनका मौलिक संवैधानिक अधिकार है
(d) वे गरीब होते हैं

**106.** ब्रेल . . . . . . . . . . . . . . . पर आधारित है।
(a) बिन्दियों (b) रेखाओं
(c) उभार (d) इनमें से कोई नहीं

**107.** सीखना . . . . . . . . . . . . . . पर निर्भर करता है।
(a) प्रतिभा (b) माता - पिता की मनोवृत्ति
(c) सहकर्मी मनोवृत्ति (d) इनमें से कोई नहीं था

**108.** नये विषय या पाठ्य को विकसित करने के लिए शिक्षक को . . . . . . . . . . . . . . . . आना/होना चाहिए।
(a) विषय का सर्वांगीण ज्ञान
(b) विषय के महत्व की व्याख्या
(c) विद्यार्थियों की स्वाभाविक रुचि
(d) शिक्षक को स्वयं की रुचि

**109.** विद्यालय पाठ्यक्रम के स्वरूप का . . . . . . . . . . से सहमति होना चाहिए।
(a) अतीत में विद्यालय की सामान्य संस्कृति
(b) छात्रों की रुचि, प्रयोजन एवं उद्देश्य
(c) शिक्षकों की रुचि एवं प्रशिक्षण
(d) विभिन्न विषयों में उपलब्ध पाठ्य पुस्तकें

**110.** शिक्षकों का प्रथम उत्तरदायित्व . . . . . . . . . . . . . . . के प्रति हैं।
(a) समुदाय (b) छात्र
(c) पढ़ाये जाने वाले विषय (d) विद्यालय के अधिकारी

**111.** कक्षा में अनुशासन को बढ़ाने का . . . . . . . . . . . . . . मुख्य लक्ष्य है।
(a) पठन - पाठन का अनुकूल वातावरण
(b) विद्यार्थियों का उचित आचरण
(c) कक्षा में शांति एवं व्यवस्था
(d) विद्यार्थियों में आत्म - अनुशासन

**112.** विद्यालय शिक्षण के मूल्यांकन का चुनौतीपूर्ण आयाम . . . . . . . . . . . . . है।
(a) जाँच परीक्षाओं की तैयारी
(b) प्रदर्शन की पर्याप्तता की जांच
(c) विकास का मापन
(d) श्रेणी निर्धारण

**113.** शिक्षक के लिए पाठ्य - सामग्री को प्रभावोत्पक बनाने के लिए आवश्यक है -
(a) विद्यार्थियों के अनुभव से पाठ्य – सामग्री को जोड़ना
(b) इस तरह से प्रस्तुत करना कि विद्यार्थी उसे ग्रहण कर सके
(c) पाठ्य - सामग्री की सुव्यवस्थित प्रस्तुति
(d) पाठ की सोदाहरण एवं विस्तार से व्याख्या

**114.** विद्यार्थियों द्वारा विषय - वस्तु से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जाने पर सामान्यतः शिक्षक . . . . . . . . . . . करें।
(a) बच्चों की जिज्ञासा को संतुष्ट करने के लिए स्पष्ट उत्तर
(b) पाठ्य पुस्तक अथवा अन्य संदर्भ ग्रंथ का निर्देश
(c) दूसरे बच्चे को वही प्रश्न उत्तर के लिए देना
(d) बच्चों को स्वयं उत्तर देने के लिए मदद करना

**115.** संख्या गलत पढ़ने वाले बच्चों में कौन – सी दिव्यांगता होती है ?
(a) डिसक्रेसिस (b) डिसलेकसिया
(c) डिसपेप्सिया (d) इसकैलुक्लिया

**116.** शिक्षण संस्थानों में अच्छा पदाधिकारी वह है जो -
(a) अच्छे शिक्षण संस्थानों के प्रशासन एवं उनके सिद्धान्तों को कड़ाई से लागू करना जानता है।
(b) विशेषकर अनुशासन के प्रति सावधान है एवं दुर्व्यवहार और दुराचरण से समझौता नहीं करता है।
(c) अपने दृष्टिकोण में लचीला, सहयोग - निर्भर एवं व्यवहार में मानवीय स्पर्श रखता है।
(d) छात्र एवं कर्मचारियों को कार्य स्वतंत्रता एवं उनके कार्यों में नगण्य हस्तक्षेप करता हो।

**117.** विद्यमान ज्ञान के द्वारा निष्कर्ष निकालने में निम्नलिखित पद्धतियों में से कौन उपयुक्त है ?
(a) इंडक्टीव रिजनिंग विधि (b) डिडक्टीव रिजनिंग विधि
(c) सर्वे विधि (d) डिस्कवरी विधि

**118.** वैज्ञानिक प्रक्रिया का चुनौतीपूर्ण आयाम . . . . . . . . . . . . . . . हैं।
(a) समस्या (b) परिकल्पना
(c) पद्धति (d) परिणाम या निष्कर्ष

119. शिक्षक के लिए छात्र का सम्मान प्राथमिक रूप से आयेगा शिक्षक के ................ से।
(a) कानूनी प्राधिकार
(b) वयस्क के रूप में प्रतिष्ठा
(c) व्यक्तिगत ईमानदारी एवं सद्भावना
(d) माता - पिता के समतुल्य दर्जा

120. विचार निर्धारण के क्रम में निम्नलिखित में से पहले आयेगा -
(a) संक्षेपीकरण
(b) विभेदीकरण
(c) अनुभवीय
(d) सामान्यीकरण

## Solutions

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **(b):** | **2.** | **(d):** | **3.** | **(a):** |
| **4.** | **(d):** | **5.** | **(d):** | **6.** | **(b):** |
| **7.** | **(a):** | **8.** | **(b):** | **9.** | **(c):** |
| **10.** | **(c):** | **11.** | **(a):** | **12.** | **(d):** |
| **13.** | **(b):** | **14.** | **(d):** | **15.** | **(a):** |

**16. (d):** सम्प्रदान तत्पुरूष।

**17. (d):** अयादि संधि।

**18. (a):** आच्छादन - आ + छादन।

**19. (b):** सरः + ज – सरोज।

**20. (b):** नमस्ते – नमः + ते।

**21. (c):** द्विगु समास।

**22. (b):** कर्मधारय समास।

**23. (d):** सप्ताह।

**24. (b):** वन।

**25. (d):** उपसर्ग।

**26. (a):** सफाई में 'आई' प्रत्यय है।

**27. (d):** श्रृंगार रस का स्थायी भाव 'रति' है।

**28. (a):** चौपाई के प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती हैं।

**29. (a):** 'अम्बर - पनघट में डुबो रही, तारा 'घट ऊषा' नागरी' में रूपक अलंकार है।

**30. (c):** छल कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता।

**31. (c):** E तथा इसकी अविवाहित बहन नए सदस्य हैं - अतः विजेता नहीं है।
**F > E >C >A → प्रश्नानुसार**
अतः स्पष्ट है कि विजेता या तो E होगा या D। अब प्रश्नानुसार इस वर्ष के विजेता D होंगे, क्योंकि विकल्प में F मौजूद नहीं है।


**32. (b):** विकल्प से, E नया सदस्य है। 'A' तथा 'C' पिछले वर्ष के उपविजेता थे, अतः D के पति नहीं हो सकते क्योंकि 'D' के पति पिछले वर्ष के विजेता थे। इसलिए 'B' ही 'D' के पति होंगे।

**33. (c):** पिछले वर्ष के विजेता 'D' थे।

**34. (c):** E की बहन प्रतियोगिता की नई सदस्य है। प्रश्न से स्पष्ट है कि A, C, D पिछली प्रतियोगिता में भाग ले चुकी हैं। इसलिए 'F', E की बहन होगी।

**35. (d):** यहाँ, $2^2 + 3^2 + 7^2 + 4^2 = 78$
$2^2 + 4^2 + 6^2 + 3^2 = 65$
$\therefore ? = 5^2 + 2^2 + 3^2 + 4^2$
$= 25 + 4 + 9 + 16 = \boxed{54}$

**36. (d):**




**37. (b):**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **1,** | **8,** | **27,** | **64,** | **125,** | **216** |
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| $1^3$ | $2^3$ | $3^3$ | $4^3$ | $5^3$ | $6^3$ |

Adda247
GET IT ON Google Play

**38. (c):**

2, 11, 38, 119, [362]

+9, +27, +81, +243

×3, ×3, ×3

**39. (d):**

4, 15, 37, 70, [114], 169

+11, +22, +33, +44, +55

**40. (b):** जिस प्रकार

G I R L → +1, +1, −1, +2 → HH JJ QQ NN

उसी प्रकार,

F O N D → +1, +1, −1, +2 → GG PP MM FF

अभीष्ट उत्तर = GG PP MM FF

**41. (b):** विकल्प (b) को छोड़कर अन्य सभी खाद्य सामग्री हैं।

**42. (c):**

| F | A | M | I | L | Y |
|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 3 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 |

| S | I | S | T | E | R |
|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 7 | 4 | 7 | 8 | 2 | 0 |

उसी प्रकार,

| M | Y | S | T | E | R | Y |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 0 | 9 |

**43. (c):** C + E → टेनिस + क्रिकेट
C + E → वॉलीबॉल
C + D → हॉकी
अतः स्पष्ट है 'C' टेनिस, क्रिकेट, वॉलीबॉल एवं हॉकी खेलता है।

**44. (a):** A + B → फुटबॉल + हॉकी
A + D → टेनिस + वॉलीबॉल
अतः स्पष्ट है 'A' क्रिकेट नहीं खेलता है।

**45. (a):** A + D → टेनिस + वॉलीबॉल
C + D → हॉकी
D + E → फुटबॉल + क्रिकेट
अतः स्पष्ट है D फुटबॉल, हॉकी एवं टेनिस खेलता है।


**प्रश्न 46 से 48 के लिए -**
A = 7 + I (E) = 8 + 2 (D) = 10
B = 7 – 2 (C) = 5 + 3 (E) = 8 – 2 (C)
= 6 – 5 (D) = 1
C = 7 – 3 (D) = 4 + 2 (B) = 6
D = 7 + 3 (C) = 10 – 2 (A) = 8 + 5 (B) = 13
E = 7 + 2 (B) = 9 – 1 (A) = 8 – 3 (B) = 5

**46. (b):** अब सबसे अधिक बॉल 'D' के पास 13 है।

**47. (c):** A के पास अब कुल 10 बॉल है।

**48. (a):** C के पास अब 6 बॉल है।

**49. (d):**




यहाँ परिवार में दो महिला R की मां एवं बहन है। अतः M एवं Q की बेटी 'O' है।

**50. (c):** R की मां Q हैं।

**51. (b):** परिवार में तीन पीढ़ी हैं।

**52. (d):** परिवार में दो महिला सदस्य O तथा Q हैं।

**53. (c):** $3^2 + 2^2 + 2^2 + 4^2 = 33$.
तथा $4^2 + 3^2 + 2^2 + 5^2 = 54$
उसी प्रकार, $3^2 + 4^2 + 5^2 + 6^2$
= 9 + 16 + 25 + 36 = [86]

**54. (c):**

3, 16, 42, 81, 133, [198]

+13, +26, +39, +52, +65

**55. (b):**

| 0, | 7, | 26, | 63, | [124] | 215 |
|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| $1^3-1$ | $2^3-1$ | $3^3-1$ | $4^3-1$ | $5^3-1$ | $6^3-1$ |

**56. (b):** 1 नॉटिकल मील 1.852 किमी. के बराबर होता हैं।

**57. (b):** सौरमण्डल में पृथ्वी (earth) की स्थिति शुक्र (Venus) और मंगल (Mars) के बीच है।

**58. (c):** **तत्व परमाणु संख्या**
हासियम 108
मटीनेरियम 109
डर्मस्टैटियम 110
सिबोर्जियम 106

59. (c):सामान्य स्थिति में पानी 212°F या 100°C तापक्रम पर उबलता है।

60. (b):सामान्यतः मानव शरीर का तापक्रम 37°C या 98.6°F होता है।

61. (a):1 गैलन 4.546 लीटर के बराबर होता है।

62. (c):दो गैमीट (Gametes) के विलय से जिस कोशिकीय संरचना का निर्माण होता है, उसे जाइगोट (Zygote) कहा जाता है। जाइगोट या युग्मनज एक युग्मक कोशिका है, जो दो युग्मकों के बीच निषेचन घटना द्वारा बनती है।

63. (c):संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति सर जॉर्ज वाशिंगटन थे। उन्होंने अमेरिकी सेना का नेतृत्व करते हुए ब्रिटेन के ऊपर अमेरिकी क्रांति में विजय हासिल की थी। वे 1789 ई. में अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति चुने गए थे।

64. (b):भारत की आजादी के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली थे। उनका संबंध लेबर पार्टी से था। वे 1945 से 1951 के बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे। उनके काल में ही यूनाइटेड किंगडम एक कल्याणकारी राज्य बना जिसके अंतर्गत अन्य बातों के अलावा वहाँ नि:शुल्क सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा आरंभ हुई।

65. (b):भारत के संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष (अस्थायी) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा थे। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारतीय संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष थे।

66. (c):म्यांमार एक दक्षिण पूर्व एशियाई देश है। जिसकी राजधानी नाएप्योटॉ (Nypsitax) है। यांगून यहाँ की सबसे बड़ा शहर है, जिसका पूर्व रंगून नाम था। म्यांमार को पहले बर्मा के नाम से जाता जाना था।

67. (a):'राजतरंगीणी' कल्हण द्वारा रचित एक संस्कृत ग्रंथ है। कल्हण एक कश्मीरी इतिहासकार थे। 'राजतरंगिणी' का शाब्दिक अर्थ है - 'राजाओं की नदी' जिसका भावार्थ है - 'राजाओं का इतिहास या समय प्रवाह'। इस ग्रंथ में कश्मीर का इतिहास वर्णित है, जो महाभारत काल से आरम्भ होता है। इसका रचना काल 1147 से 1149 तक बताया जाता है।

68. (a):विश्व आर्द्रभूमि दिवस (World Wetland Day) 2 फरवरी को मनाया जाता है। मानवता और ग्रह के लिए आर्द्रभूमि के मूल्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्थापित विश्व आर्दभूमि दिवस (WWD) 1997 में पहली बार मनाया गया था। इस दिवस का 2018 ई में थीम था - Wetlands for a Sustainable Urban Future.

69. (b):भारत का राष्ट्रीय जलीय जन्तु गांगेय डॉल्फिन (Gangetic Dolphin) है। केन्द्र सरकार ने 5 अक्टूबर, 2009 को इसे राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया था। इसका वैज्ञानिक नाम Platanista Gangetica है।

70. (d):प्रत्येक वर्ष 5 जून का दिन अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस 2018 की विषय - वस्तु (Theme) थी - 'प्लास्टिक प्रदूषण को पराजित करो' (Beat Plastic Pollution).

71. (b):इक्वेडोर की विदेश मंत्री मारिया फर्नाण्डा एस्पिनोसा (Maria Fernanda Espinosa) को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 73वें सत्र के लिए अध्यक्ष 6 जून, 2018 को चुना गया था। इस पद पर उन्होंने स्लोवाकिया के मिरोस्लाव लज्काक (Miroslar Lajkak) का स्थान सितम्बर, 2018 में लिया।

72. (a):भारत में मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्म दिन 11 नवंबर 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। मौलाना अबुल कलाम आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे। 11 नवंबर का दिन, वर्ष 2008 से प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है।

73. (c):दुनिया का सबसे बड़ा दूरबीन (Telescope) स्पेन में स्थापित है। इसके पश्चात USA का स्थान आता है।

74. (c):2018 की रैंकिंग के अनुसार विश्व के सर्वाधिक असुरक्षित देश - 1. सीरिया 2. अफगानिस्तान 3. दक्षिणी सूडान 4. इराक 5. सोमालिया (भारत की रैंकिंग 28वां)

75. (a):लोकसभा के अध्यक्ष का निर्वाचन लोकसभा के सदस्यगण मिलकर साधारण बहुमत के द्वारा करते हैं।

76. (a):मुक्त विश्वविद्यालय (Open University) दूरस्थ माध्यम (Distance mode) से शिक्षा प्रदान करते हैं।

77. (a):आचार्य चाणक्य तक्षशिला विश्वविद्यालय में शिक्षक थे। आचार्य चाणक्य को विष्णुगुप्त के नाम से जाना जाता था।

78. (a):तीन भाषा सूत्र (Three language formula) का प्रावधान 1968 ई. में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया था। इसके तहत विद्यालयों में तीन भाषा की पढ़ाई का प्रावधान किया गया था।

79. (a):सफेद क्रांति या White revolution द्वारा भारत दूध उत्पादन के मामले में स्वावलम्बी हुआ। सफेद क्रांति का ही परिणाम है कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। डॉ. वर्गीज कुरियन इस क्रांति के सूत्रधार थे। डॉ. कुरियन को 'भारत में दुग्ध क्रांति का पितामह' कहा जाता है।

**80. (a):**मोंटेशरी (Montessori) का नाम प्री - स्कूल शिक्षा (Pre School education) से जुड़ा हुआ है। मोंटेशरी पद्धति 2.5 से 6 वर्ष के बच्चों हेतु प्रयोग में लायी जाने वाली पद्धति है जिसका विकास 20वीं सदी के प्रारंभ में डॉ. मारिया मोंटेशरी द्वारा हुआ।

**81. (a):**जिला स्तरीय शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) की स्थापना प्रारंभिक शिक्षा (Primary Education) में सुधार हेतु की गई है। DIET जिला स्तरीय शैक्षिक संस्थान है जो भारत सरकार द्वारा भारत के प्रत्येक जिले में स्थापित किया गया है। वे जिला स्तर पर सरकारी नीतियों के समन्वय और कार्यान्वयन में सहायता करते हैं।

**82. (a):**वैज्ञानिक स्वभाव (Scientific temperament) का अर्थ तर्क के साथ निर्णय लेने का स्वभाव हैं।

**83. (d):**'भारत की खोज' (Discovery of India) नामक पुस्तक के लेखक पंडित जवाहरलाल नेहरू हैं। इसकी रचना 1944 में अप्रैल - सितम्बर के बीच अहमदनगर की जेल में हुई। इस पुस्तक को नेहरूजी ने अंग्रेजी में लिखा और बाद में इसे हिन्दी और अन्य बहुत - सी भाषाओं में अनुवाद किया गया। इस पुस्तक को क्लासिक का दर्जा प्राप्त है।

**84. (b):**शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (RTE Act, 2009) 6 - 14 वर्ष उम्र के बच्चों को मुफ्त (निःशुल्क) एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है।

**85. (c):**मानव शरीर में गुणसूत्रों (chromosomes) की कुल संख्या 46 होती है। इसमें से 44 ऑटोसोम (Autosome) तथा 2 सेक्स क्रोमोसोम (Sex chromosomes) होते हैं।

**86. (b):**भारतीय संविधान का अनुच्छेद - 45 बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा पाने का अधिकार प्रदान करता है। राज्य नीति के निदेशक सिद्धान्त के अंतर्गत अनुच्छेद - 45 में यह स्पष्ट वर्णित है कि 6 - 14 वर्ष की उम्र के बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने के हकदार होंगे।

**87. (b):**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51A में नागरिकों के मूल कर्तव्यों का उल्लेख है। वर्तमान में भारतीय संविधान में 11 मूल कर्तव्यों का उल्लेख है। वैसे संविधान के अनुच्छेद 51 में कहा गया है कि राज्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की वृद्धि करने का प्रयास करेगा। (राज्य की नीति के निर्देशक तत्व)।

**88. (c):**'भारत रत्न' सम्मान प्रतिष्ठित व्यक्तियों को दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। भारत रत्न सम्मान 1954 ई. से प्रदान किया जा रहा है। अब तक 45 लोगों को यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है।

**89. (a):**विश्व बाल मजदूरी निषिद्ध दिवस (World day against child labour) 12 जून को प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

**90. (b):**डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने राज्यनीति के निदेशक सिद्धांतों के बारे में कहा था कि यह भविष्य में विधि निर्माण का आधार होना चाहिए।

**91. (b):**सर्वशिक्षा अभियान में 6 - 14 वर्ष की आयु के बच्चों को शामिल किया जाता है। यह भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है जिसकी शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा एक निश्चित समयावधि के तरीके से प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण को प्राप्त करने के लिए किया गया, जैसा कि भारतीय संविधान के 86वें संशोधन द्वारा निर्देशित किया गया है जिसके तहत 6 - 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के प्रावधान को मौलिक अधिकार बनाया गया है।

**92. (d):**गांधीजी का चम्पारण सत्याग्रह नील्हे मजदूरों की समस्या के समाधान के लिए था। इस आंदोलन के द्वारा तीनकठिया प्रथा पर रोक लगायी गई और गांधीजी को राष्ट्रीय पहचान भी मिली।

**93. (a):राज्य/के. शा. प्र. तटरेखा (किमी. में)**

अंडमान निकोबार द्वी.स. 1962.00
गुजरात 1214.70
आन्ध्र प्रदेश 973.70
तमिलनाडु 906.90
महाराष्ट्र 652.60
केरल 569.70
ओडिशा 476.70
कर्नाटक 208.00
प. बंगाल 157.50
लक्षद्वीप 132.00
गोवा 101.00
पुदुचेरी 47.60
दमन व दीव 42.50
**कुल 7516.60**

**94. (c):**रक्त में अधिक मूत्रीय अम्ल (Uric acid) गाऊट (Gout) नामक बीमारी का सूचक है। इसमें यूरिक अम्ल क्रिस्टलीकृत हो जाता है और क्रिस्टल जोड़ों, स्नायुओं और आसपास के ऊतकों में जमा हो जाता है। चिकित्सीय निदान की पुष्टि संयुक्त द्रव में विशेष क्रिस्टलों को देखकर की जाती है।

**95. (d):**कोहरा के समय प्रकाश के प्रकीर्णन की वजह से हम कुछ भी देख पाने में असमर्थ होते हैं। आकाश का रंग सूर्य के प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण ही नीला दिखाई देता है। प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण ही सूर्य उगते और डूबते समय लाल दिखाई देता है। समुद्र का पानी भी प्रकीर्णन के कारण ही नीला दिखाई देता है।

**96. (c):** **97. (a):** **98. (b):**

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!


PDF

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.




Topic-wise & Exam-wise PDFs | Download & Study Offline | Attempt as Mock & Track Score | Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

99. (b):
100. (a):
101. (a):
102. (d):
103. (a):
104. (b):
105. (c):
106. (c):
107. (a):
108. (a):
109. (b):
110. (b):
111. (d):
112. (d):
113. (a):
114. (a):
115. (b):
116. (c):
117. (b):
118. (d):
119. (c):
120. (a):